अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 6 अप्रैल 2023
चैत्र पूर्णिमा
विक्रम संवत-2080

Page No. 06 : Bottom

एसआरएमएस और आर्मी मस्टेलियंस में होगा फाइनल

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का लीग चरण खत्म, कल होगा फाइनल

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने लीग में तीन में से तीन और आर्मी मस्टेलियंस की टीम ने दो मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। अपने-अपने ग्रुप में दोनों टीमों ने सर्वाधिक अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया।

बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। इसमें ओएसिस क्रिकेट क्लब और अल्मा मातेर एकेडमी की टीम ने मैच जीते, लेकिन अंकतालिका में बढ़त न बना सकीं। एसआरएमएस स्टेडियम पर हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के 7वें दिन पहला मुकाबला ओएसिस क्रिकेट क्लब और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया।

मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी। संवाद

पहले खेलते हुए गंगाशील की टीम ने 20 ओवर में सिर्फ 112 रन बनाए। नीरज ने सर्वाधिक 49 रन की पारी खेली। जवाब में खेलने उतरी ओएसिस की टीम ने 16.1 ओवर में 113 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच विपिन कुमार ने 44 रन और दिलप्रीत सिंह ने 34 रन का योगदान दिया।

दूसरा मुकाबला अल्मा मातेर एकेडमी और एअरफोर्स की टीम के बीच हुआ। ऋषि सागर (68) की अर्धशतकीय पारी के चलते अल्मा मातेर की टीम ने 17.3 ओवर में 124 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में एअरफोर्स की टीम 88 रन पर ही ढेर हो गई। ऋषि ने गेंदबाजी से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 16 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
6 अप्रैल 2023, चैत्र शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, विक्रम संवत् 2080, बरेली

Page No. 07 : Middle

एसआरएमएस व आर्मी मस्टैलियन फाइनल में

- श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट
- सात अप्रैल को सुबह नौ बजे फाइनल मैच का किया गया है आयोजन

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज़ मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बुधवार को गंगाशील को हरा कर ओएसिस और एयरफोर्स को हराकर अल्मा मातेर ने अपने अपने लीग मैच जीते, लेकिन इसके बाद भी यह दोनों टीमें फाइनल में स्थान नहीं बना पाई।

लीग मैच में अपने तीनों मैच जीतने और सबसे अच्छा रन रेट 3.803 होने से ग्रुप ए से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल में स्थान पक्का किया। जबकि ग्रुप बी से दो मैच जीतने और रनरेट 1.767 होने से आर्मी मस्टैलियन को फाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। सात अप्रैल को दोनों टीमों के बीच सुबह नौ बजे फाइनल मैच आयोजित किया जाएगा।